# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-2010

सेवा में,

प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक,
उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर भाथ दक्षिणी,
प्रखंड-जंदाहा, जिला-वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-02/09/26

विषयः- स्पष्टीकरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ है। प्राप्त वीडियो के अवलोकन उपरांत प्रथम दृष्ट्या यह परिलक्षित हो रहा है कि आपके विद्यालय में बच्चों से मध्याह्न भोजन का खाना मंगवाया जाता है एवं बच्चों से ही थाली साफ करवाई जाती है। इसके अतिरिक्त वीडियो में यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि विद्यालय की पानी टंकी पर ढक्कन उपलब्ध नहीं है, ब्लैक बोर्ड की स्थिति अत्यंत जर्जर है, पूरे विद्यालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है तथा विद्यालय के सभी दरवाजे खराब स्थिति में हैं। यह कृत्य एवं स्थिति आपके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता एवं सरकारी ग्रांट राशि के दुरुपयोग को प्रदर्शित करती है। यह अत्यंत खेदजनक है तथा शिक्षा विभाग के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि दिनांक 05.09.2026 की संध्या 5:00 बजे तक पिछले दो वर्षो की कंपोजिट ग्रांट राशि के व्यय से संबंधित मूल अभिलेख तथा उपरोक्त सभी अनियमितताओं के संबंध में अपना स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ससमय स्पष्टीकरण एवं अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में आपके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विश्वासभाजन

02.9.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।